# गिफ्ट्स देकर नए साल को बनाएं खास



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

साल **2019** खत्म होने को है और नया साल, साल **2020** हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। नया साल सभी के लिए नए सपनों और जिंदगी को नए सिरे से शुरू करने का एक बेहतरीन समय होता है। एक फ्रेश नई शुरुआत करने के लिए जरूरी है कि पुराने गिले शिकवे भुला दिए जाएं और भविष्य को और खूबसूरत बनाने की कोशिश की जाए। सभी लोग न्यू ईयर का स्वागत अलग-अलग अंदाज में करते हैं। लेकिन हमारा मानना है कि अपने खास लोगों को तोहफे देकर आप नए साल की एक खूबसूरत शुरुआत कर सकते हैं ताकि आपके अपनों के साथ- साथ आपका नया साल भी रहे यादगार...

**स्किनकेयर हैंपर:** हर लड़की या महिला को स्किनकेयर से जुड़ी चीजें काफी पसंद होती हैं क्योंकि लड़कियां अपनी स्किन को लेकर काफी कॉन्शस रहती हैं। ऐसे में अगर आप अपनी फ्रेंड या फैमिली की किसी फीमेल मेंबर को स्किनकेयर हैंपर गिफ्ट करती हैं तो ये उनके लिए काफी सरप्राइजिंग हो सकता है। इस हैंपर में आप शैंपू, साबुन, इन्सेंस स्टिक, मॉइश्चराइजर, बॉडी बटर और लिप बाम जैसी चीजें रख सकते हैं। इससे आप जिसे हैंपर गिफ्ट कर रहे हैं वो केवल खूबसूरत नहीं दिखेगी बल्कि इससे उनकी स्किन अंदर तक रिपेयर होगी।

**फिटनेस बैंड:** ये गिफ्ट उन लोगों के लिए बेस्ट है जिन्होंने न्यू ईयर रेजॉलूशन के तौर पर वजन कम करने के बारे में सोचा है। आप अपने किसी ऐसे ही फ्रेंड को ये फिटनेस बैंड गिफ्ट करके एक अच्छे दोस्त साबित हो सकते हैं। ये गिफ्ट आप अपने फैमिली मेम्बर को भी दे सकते हैं जो डायबीटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं या जिन्हें एक्स्ट्रा कैलरी बर्न करनी है।

**बुक केस:** बुक लवर्स के लिए ये एक बेस्ट गिफ्ट है। जिन लोगों को किताबें पढ़ने का काफी शौक है, ऐसे दोस्तों को आप न्यू ईयर के मौके पर बुक केस या बुक शेल्फ गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह के बुक केस मार्केट और ऑनलाइन हर जगह उपलब्ध हैं। आप छोटे कमरों के लिए फंकी बुक केस ले सकते हैं। यह एक अच्छा गिफ्ट हो सकता क्योंकि इससे किताबों को रखने और ढूंढने में आसानी होगी।

**फोटो ऐलबम:** अगर आपके दोस्त या कजिन को घूमने और फोटोग्राफी का काफी शौक है तो उनके लिए ये परफेक्ट गिफ्ट हो सकता है। आज लोग ज्यादातर फोटो फोन में ही रखते हैं लेकिन इससे कई बार फोटोज डिलीट हो जाती हैं। ऐसे में ऐलबम एक बेहतर ऑप्शन हो सकता है। इस न्यू ईयर अपने दोस्तों को खूबसूरत फोटो ऐलबम देकर सरप्राइज कर दें।

**डायरी:** आपके जिन दोस्तों को अपनी हर इमोशन और हर फीलिंग को लिखना पसंद है, उन्हें गिफ्ट में डायरी देना एक सही डिसिजन हो सकता है क्योंकि एक लेखक के लिए डायरी और कलम से कीमती कोई चीज नहीं होती। वे इसमें अपना दिल खोल कर रख देते हैं। अगर आप अपने दोस्ते को गिफ्ट में डायरी देते हैं तो ये आपके दोस्त के लिए तो एक अच्छा गिफ्ट होगा ही साथ ही साथ ये आप दोनों की दोस्ती को भी गहरा करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

**डूडल्ड जार:** आपके जो दोस्त काफी आशावादी हैं और जिन्हें प्लान बनाना पसंद है उनके लिए ये जार एक बेहतरीन गिफ्ट हो सकता है। एक पारदर्शी जार लें और अपने हिसाब से इसपर कोई भी डिजाइन बना लें या एक कोट लिख लें। ये न केवल देखने में खूबसूरत लगेगा बल्कि काफी खूबसूरत यादों का पिटारा भी बन सकता है। आपके दोस्त को ये गिफ्ट काफी पसंद आएगा। इस जार में वो अपने सारे हैपी और मेमोरेबल मोमेंट्स एक चिट में लिखकर डाल सकते हैं और साल के आखिर में इसे पढ़कर पुरानी यादों को फिर से ताजा किया जा सकता है।

# आपके ब्यूटी किट में जरूर होनी चाहिए ये 5 चीजें

आप कहीं पार्टी में जा रही हों और वेन्यू पर पहुंचते ही अगर आपके हेयरस्टाइल से कुछ बाल इधर-उधर निकल जाए तो आप क्या करेंगी? आपने बेस्ट मेकअप किया है और पार्टी वेन्यू पर पहुंचते ही आपकी लिपस्टिक धब्बा हो जाए तो आप क्या करेंगी? ये कुछ ऐसी इमरजेंसी सिचुएशन्स हैं जिसका सामना हम सबको कभी न कभी जरूर करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने छोटे से पर्स में कुछ ऐसे जरूरी ब्यूटी प्रॉडक्ट्स को हमेशा रखें जिनकी जरूरत आपको चलते-फिरते कभी भी पड़ सकती है...

**हेयर पिन या बॉबी पिन:** कई बार आप काफी पैसा खर्च कर पार्लर से हेयर स्टाइल बनवाकर आती हैं लेकिन पार्टी वेन्यू पर पहुंचते ही कुछ लटें इधर-उधर से निकलने लगती हैं। इस तरह की सिचुएशन होने पर बॉबी पिन्स आपके काम आ सकती हैं। इन छोटी-छोटी हेयर पिन्स या बॉबी पिन्स की मदद से आप अपने बालों को उनकी सही जगह पर परफेक्ट बनाकर रख सकतीं हैं।

**लिपस्टिक:** एक मेकअप प्रॉडक्ट जो सबसे पहले धब्बा हो जाता है वह है लिपस्टिक। इसलिए आपको अपने इमरजेंसी ब्यूटी किट में हमेशा एक न्यूट्रल शेड की लिपस्टिक जरूर रखनी चाहिए। पार्टी में पहुंचकर कुछ खाने या ड्रिंक करने के बाद अगर आपकी लिपस्टिक खराब हो जाए तो आप उसे आसानी से सही कर पाएंगी। इसलिए किट में लिपस्टिक रखना जरूरी है।

**कॉम्पैक्ट:** अक्सर पार्टी में लोगों के साथ ज्यादा देर तक बात करने और मुस्कुराने की वजह से आपका मेकअप बिगड़ने लगता है। मेकअप स्मज को सुधारने और चिक फिक्स के लिए जरूरी है कि आप एक कॉम्पैक्ट पाउडर भी हमेशा अपने ब्यूटी किट में कैरी करें।

**परफ्यूम:** कई बार पार्टी में ज्यादा देर तक रुकने और हेवी आउटफिट पहनने की वजह से आपको थकान महसूस होने लगती है और चेहरे से फ्रेशनेस गायब होने लगती है। ऐसे में आप चाहें तो परफ्यूम छिड़क कर फिर से रिफ्रेश और एनर्जाइज्ड महसूस कर सकती हैं। लिहाजा अपना फेवरिट परफ्यूम ब्यूटी किट में साथ रखना बिलकुल न भूलें।

**फेस वाइप्स:** कपड़े पर खाना गिर जाए या फिर काजल या आइलाइनर फैल जाए... इस तरह की इमरजेंसी सिचुएशन में फेस वाइप्स आपके बहुत काम आ सकता है।



# शादी के बाद दीपिका पादुकोण खुद को ऐसे रख रहीं फिट

फिटनेस को लेकर न सिर्फ रणवीर सिंह बल्कि दीपिका पादुकोण भी हमेशा अवेयर रहती हैं। वह अपनी डायट के साथ ही वर्कआउट का भी खास ध्यान रखती हैं। शादी के बाद एक बार फिर दीपिका अपने फिटनेस शेड्यूल को मेनटेन कर रही हैं। इसका एक विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। फिटनेस ट्रेनर नैम के जरिए शेयर विडियो में दीपिका पादुकोण सीढ़ियों पर तेजी से चढ़ते और उतरते हुए नजर आ रही हैं। इसके बाद वह एक-एक कर तीन सीढ़ियों पर बारी-बारी से जंप करती हैं। विडियो देखकर ही समझा जा सकता है कि इस वर्कआउट को करने के लिए कितने स्टैमिना की जरूरत है। दीपिका के इस शानदार वर्कआउट को देख फैन्स इंप्रेस दिखे। विडियो पर कॉमेंट करते हुए कई यूजर्स ने लिखा कि दीपिका का यह वर्कआउट दूसरों को फिटनेस गोल देता है। कुछ ने लिखा कि यह देख वे भी इंस्पायर फील कर रहे हैं। ज्यादा यूजर्स दीपिका के स्टैमिना की तारीफ करते हुए शानदार, ब्रावो, ग्रेट जैसे कॉमेंट करते भी दिखे। बता दें कि, दीपिका पादुकोण जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म में नजर आएंगी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का नाम छपाक तय किया गया है। माना जा रहा है शूटिंग अगले साल से शुरू होगी।